Baulkham Hills Shire (बॉल्कहैम हिल्स् शायर) को गर्व है कि उसके वनों, पार्कों और आरक्षित क्षेत्रों और रिहायशी इलाकों के उद्यानों की अच्छी देख-भाल के कारण उसे गार्डन शायर की प्रतिष्ठा प्राप्त है।

यह सिडनी के बड़े स्थानीय सरकारी क्षेत्रों में से एक है जिसका क्षेत्रफल 380 वर्ग किलोमीटर से अधिक है तथा जो दक्षिण में ओटलैंडस् से उत्तर में वाईज़मैनस् फैरी तक फैला है। शायर (जिले) का दो-तिहाई भाग कृषि और अन्य कृषि-उद्योगों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ग्रामीण भूमि है।

इतिहास

ऐसा माना जाता है कि इस पहाड़ी इलाके में सबसे पहले प्रवेश करने वाले श्वेत व्यक्ति अप्रैल 1791 में पैरामैटा के गवर्नर फिलिप के नेतृत्व में गए एक खोज-दल के सदस्य थे जो उस समय मुश्किलों से जूझ रही सिडनी की उपनिवेशी बस्ती की सहायता लिए एक नई बस्ती और खेती के लिए स्थान ढूँढ रहे थे। बॉल्कहैम हिल्स् शायर की पहली चुनी हुई कौंसिल ने दिसम्बर 1906 में कार्यभार संभाला।

जनसंख्या

सन् 1851 में बॉल्कहैम हिल्स् शायर की जनसंख्या 436 थी और वहाँ 87 मकान थे। सन् 1956 तक भी वहाँ की जनसंख्या केवल 15,000 तक ही बढ़ पाई थी और 1960 के दशक के बाद के वर्षों में ही शायर का शहरी विकास हुआ। आज बॉल्कहैम हिल्स् शायर में 29 उपनगर हैं और इसके निवासियों की जनसंख्या लगभग 1,60,000 है जिनमें से अधिकाँश इस जिले के दक्षिणी भाग में बसे हैं। सन् 2026 के लिए इसकी अनुमानित जनसंख्या 2,13,000 से अधिक है।

शायर में व्यवसाय चलाना

सन् 1794 में पहली श्वेत बस्ती के बसने से लेकर 1900 के दशक के मध्य तक कृषि मुख्य उद्योग रही। इसकी शुरुआत भेड़ों के पालन और गेहूँ की खेती से हुई और इसमें नींबू के वंश के फल – विशेष रूप से संतरे और गुठलीदार फल शामिल हो गए।

आजकल शायर में किए जाने वाले अनेक व्यवसायों में भवन-निर्माण, संपत्ति और व्यवसायिक सेवाएं, थोक और परचून व्यापार प्रमुख हैं। इस समय बॉल्कहैम हिल्स् शायर में 30,000 से अधिक व्यवसायिक इकाईयाँ कार्यरत हैं।

स्थानीय सरकार क्या है?

ऑस्ट्रेलिया में सरकार के तीन स्तर हैं। हर स्तर के अपने अलग कर्तव्य हैं लेकिन सबकी एक ही ज़िम्मेदारी है – ऑस्ट्रेलिया के लोगों की ज़रूरतों और उनके कल्याण को ध्यान में रखना।

संघीय सरकार, जिसे कॉमनवेल्थ गवर्नमेंट भी कहते हैं, उन विषयों पर निर्णय लेती है जो पूरे देश को प्रभावित करते हैं। इनमें विदेशों संबंधी मामले, आप्रवासन, विमानन तथा वायुयान सुरक्षा, रक्षा और डाक की सेवाएं शामिल हैं। संघीय सरकार की बैठकें ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैन्बरा में होती हैं और संघ सरकार का नेता प्राईम मिनिस्टर (प्रधान मंत्री) होता है।

हर ऑस्ट्रेलियन राज्य की अपनी **राज्य सरकार** है। इसके नेता को प्रीमियर कहते हैं। न्यू साउथ वेल्स् में राज्य सरकार की बैठकें सिडनी के पार्लियामेंट हाउस (संसद भवन) में होती हैं। राज्य सरकार की ज़िम्मेदारियों में सरकारी विद्यालय और शिक्षा, पुलिस तथा आपातकाल सेवाओं. सरकारी अस्पतालों, मुख्य सड़कों और रेल सेवाओं का प्रबंध करना शामिल हैं।

स्थानीय सरकार, जो कि तीसरे स्तर की सरकार है, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ज़िम्मेदार है।

हर स्थानीय सरकार एक कौंसिल कहलाती है और इसके स्तर के नेता को मेयर कहते हैं।

कौंसिलों को अपने स्थानीय समुदाय को उपयुक्त सेवाएं उपलब्ध करवानी होती हैं जिनमें आम तौर पर कूड़े-कचरे को ले जाना, स्थानीय सड़कों की देख-भाल, भवनों का निरीक्षण, उद्यानों और पुस्तकालयों की देख-भाल, शिशु देख-रेख केन्द्र और युवाओं के लिए सेवाएं प्रदान करना शामिल हैं।

बॉल्कहैम हिल्स् शायर कौंसिल का दायित्व

कौंसिल का कार्य उसके वातावरण और उसमें रहने वाले लोगों, दोनों को प्रभावित करता है, इसमें सड़कों, पुलों, उद्यानों, खेल के मैदानों, पैदल-पथों की देख-भाल और उनमें सुधार, यातायात के प्रवाह पर नियंत्रण और कार पार्कों को बनाना और उनकी देख-भाल शामिल हैं। कौंसिल सामुदायिक केंद्रों, हॉलों और अन्य सार्वजनिक भवनों, जिनमें पाँच पुस्तकालय और छह शिशु देख-रेख केंद्र शामिल हैं, का निर्माण और देख-रेख भी करती है।

कौंसिल शायर की ज़मीन के इस्तेमाल की व्यवस्था और नियंत्रण में सहायता करने और भविष्य में समुदाय कैसा दिखाई देगा, उसकी योजना बनाने के लिए अभियंताओं, वास्तुशास्त्रियों और नगर की योजना बनाने वालों को नियोजित करती है।

सभी नए भवनों के नक्शों का कौंसिल द्वारा अनुमोदन अनिवार्य है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि काम ठीक से किया जा रहा है, कौंसिल सभी बन रहे भवनों का निरीक्षण भी करती है।

कौंसिल कूड़े-कचरे, पुनः चक्रण योग्य सामान और बगीचे के जैविक वनस्पतिक अपशिष्ट को ले जाने का प्रबंध करती है; सड़कों, पैदल-पथों, उद्यानों और अन्य सार्वजनिक स्थानों को साफ़-सुथरा रखती है।

कौंसिल की सेवाएं

शिशु देख-रेख केंद्र (चाईल्ड केयर सेंटर)

कौंसिल बच्चों के लिए छह केंद्र दिन के लंबे समय तक चलाती है जहाँ देख-रेख और शिक्षा का तदात्मय होता है।
अधिक जानकारी >>

हिल्स् कम्युनिटी केयर

हिल्स् कम्युनिटी केयर बुज़ुर्गों और कमज़ोर निवासियों के लिए कार्यक्रम प्रदान करता है जिनमें सामाजिक दिवस कार्यक्रम (सोशल डे प्रोग्राम), घरेलू सहायता, सामुदायिक यातायात, डिमैंशिया सेवाएं, भोजन सेवाएं (मीलस् ऑन व्हीलस्), आसानी से की जाने वाली बागबानी और घास (लॉन) काटने की सेवाएं, घर का रूपांतरण और देख-रेख, कोरियाई और माल्टी सामाजिक दिवस कार्यक्रम (सोशल डे प्रोग्राम) और कार्यरत देख-रेख कर्ताओं के लिए एक संपर्क अधिकारी (लियाज़न ऑफ़िसर) की सेवाएं शामिल हैं।
अधिक जानकारी >>

युवाओं की सेवाएं हाईप

युवाओं के लिए गतिविधियाँ और सहायक सेवाएं, इनमें हाईप सेन्ट्रल (कासल हिल यूथ सेंटर) शामिल हैं।
अधिक जानकारी >>

पुस्तकालय (लायब्रेरी)

पुस्तकालय सेवा पाँच शाखाएं चलाती है जिनके कर्मचारी एक अनौपचारिक माहौल में मैत्रीपूर्ण और कुशल सेवाएं प्रदान करने को समर्पित हैं जो परंपरा और तकनीकी का मेल हैं और कुछ सीखने, कुछ नया करने अथवा केवल दिन के समाचारों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। पुस्तकालय कासल हिल, बॉल्कहैम हिलस्, कार्लिंगफर्ड, ड्यूराल और राउज़ हिल में स्थित हैं। अनेक प्रकार की पुस्तकें, सी.डी., डी.वी.डी., इंटरनेट, विशेष आयोजन, बच्चों के कार्यक्रम और घर में पुस्तकालय सेवाएं उपलब्ध हैं।
अधिक जानकारी >>

उद्यान, आरक्षित क्षेत्र, खेल के मैदान, तैराकी के केंद्र और खेल केंद्र

कौंसिल पूरे शायर में 320 से अधिक उद्यानों, आरक्षित क्षेत्रों और खेल के मैदानों की देख-भाल करती है। वेवस् फिटनेस एंड एक्वाटिक सेंटर और बर्नी मुल्लेन स्पोर्टस् कम्पलेक्स भी कई प्रकार की गतिविधियाँ प्रदान करते हैं।
अधिक जानकारी >>

साईकिल पथ और मनोरंजन के लिए पथ

शायर में साईकिल पथों और सड़कों से परे पथों का एक जाल है जिसका निवासी और आगंतुक आनंद उठा सकते हैं।
अधिक जानकारी >>

पर्यटक सूचना केंद्र (टूरिज़्म इन्फ़ॉर्मेशन सेंटर)

आगंतुक शायर के बारे में अधिक जानकारी टूरिज़्म इन्फ़ॉर्मेशन सेंटर से प्राप्त कर सकते हैं।
अधिक जानकारी >>

सामुदायिक केंद्र (कम्युनिटी सेंटर) और हॉल

गोष्ठियों, कक्षाओं, मनोरंजक गतिविधियों, विशेष आयोजनों, विवाह आदि अवसरों के अनुरुप कई प्रकार के स्थान किराए पर उपलब्ध हैं।
अधिक जानकारी >>

साथी जानवर

कुत्तों, बिल्लियों और अन्य पालतू जानवरों के पंजीकरण और नियंत्रण के बारे में निवासियों के लिए जानकारी।
अधिक जानकारी >>

नागरिकता समारोह

शायर के जो निवासी ऑस्ट्रेलियन नागरिक बनना चाहते हैं उनके लिए ऑस्ट्रेलियन नागरिकता समारोह हर माह आयोजित किए जाते हैं।
अधिक जानकारी >>

विदेशी भाषाओं के दुभाषिए

कोई भी व्यक्ति जिसे अनुवाद अथवा दुभाषिए की आवश्यकता है या तो कौंसिल के प्रशासन केंद्र में आकर सहायता माँग सकता है अथवा टेलीफ़ोन इंटरप्रैटर सर्विस (टिस) को 13 14 50 पर संपर्क करके किसी दुभाषिए को बॉल्कहैम हिल्स् शायर कौंसिल को 9843 0555 पर संपर्क करके अपनी ओर से प्रश्न पूछने का आग्रह कर सकता है।

अपशिष्ट सेवाएं

आपके कूड़े-कचरे, पुनः चक्रण और जैविक वनस्पतिक सेवाओं, घर के बाहर से सफ़ाई की सेवाओं और सही ढंग से अपशिष्ट को ठिकाने लगाने के बारे में जानकारी।
अधिक जानकारी >>

विकास के बारे में तथ्य पत्रिका

भवनों और विकास की शर्तों के बारे में तथ्य पत्रिकाएं
अधिक जानकारी >>

शायर में व्यवसाय चलाना

इनमें व्यवसायों के बारे में जानकारी, अवसर और बाज़ार का विश्लेषण, परामर्श और अन्वेषण सेवाएं शामिल हैं।
अधिक जानकारी >>

निवासियों के लिए सूचना किट

निवासियों के लिए सूचना किट, जानकारी की पुस्तिकाओं की एक श्रृंखला है जो शायर के निवासियों को उपलब्ध सेवाओं की संक्षिप्त जानकारी देती है।
अधिक जानकारी >>

इलेक्ट्रॉनिक आग्रह

शायर के निवासी कई प्रकार के आग्रह सीधे कौंसिल की वेबसाईट से कर सकते हैं।
अधिक जानकारी >>

आप्रवासियों के लिए संसाधन केंद्र (माईग्रेंट रिसोर्स सेंटर)

इस बिना लाभ कमाने वाले संस्थान की स्थापना उन आप्रवासियों, शरणार्थियों और मानवीय आधार पर आने वालों के कल्याण के लिए की गई थी जो बॉल्कहैम हिलस्, होलरोयड् और पैरामैटा की स्थानीय सरकारों के इलाके में रहते हैं। यह बिना किसी भेद-भाव के सभी आप्रवासियों और शरणार्थियों को यहाँ बसने संबंधी जानकारी, परामर्श और अन्य सेवाएं निःशुल्क प्रदान करता है।
अधिक जानकारी >>